# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 31.07.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",हिन्दुस्तान, अमर उजाला, दैनिक जागरण, राष्ट्रीय सहारा, न्यायाधीश ,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## हिन्दुस्तान–दि0 31.07.2025

### सील मकान में निर्माण पर मकान मालिक पर मुकदमा

**वाराणसी।** लंका थाना क्षेत्र में श्रीराम सहकारी समिति पार्क के सामने बिना नक्शा छत की ढलाई पर वीडीए से सील मकान में दोबारा निर्माण कार्य कराने पर लंका थाने में बुधवार को वीडीए ने केस दर्ज कराया। अवर अभियंता सोनू कुमार की तहरीर पर लंका थाने में केस दर्ज किया गया। लंका इंस्पेक्टर राजकुमार ने बताया कि मकान मालिक डॉ. अमित कुमार को 26 अप्रैल को नोटिस जारी कर मकान सील किया था। बाजवूद डॉ. अमित चोरी छिपे तृतीय तल का निर्माण पूरा कराकर फिनिशिंग करवा रहे थे। ब्यूरो

## अमर उजाला–दि0 31.07.2025

### वीडीए ने दो अवैध निर्माण किए सील

**वाराणसी।** वीडीए ने बुधवार को एक अवैध निर्माण को ध्वस्त कराया गया जबकि दो को सील कर पुलिस अभिरक्षा में सौंपा गया। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर दशाश्वमेध वार्ड के मोहनसराय में गीता देवी के भवन के चौथे तल के अवैध निर्माण को ध्वस्त कराया गया। जोनल अधिकारी सौरव देव प्रजापति ने बताया कि शिवपुर के गिलट बाजार के कैलाश सोनकर और पप्पू सोनकर की ओर से बगैर मानचित्र स्वीकृत कराए 167 वर्गमीटर में अवैध निर्माण कराया गया। जोनल अधिकारी शिवाजी मिश्रा की ओर से नोटिस देकर अवैध निर्माण सील किया गया। शिव विहार कॉलोनी में कृष्ण सिंह की ओर से बिना नक्शा पास कराए अवैध निर्माण कराया गया। जोनल अधिकारी प्रकाश कुमार ने अवैध निर्माण को सील कर पुलिस अभिरक्षा में सौंपा। वहीं, कोटवां में 6 बीघे की अवैध प्लाटिंग ध्वस्त कराई।

**सुरक्षा कार्मिकों का स्थानांतरण :** वरुणा नदी के किनारे और एक से पांच जोन में अवैध निर्माण रोकने के लिए 14 सुरक्षा कार्मिकों की नवीन तैनाती की गई है। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बताया कि जोन कार्यालयों में सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए स्थानांतरण किया जा रहा है। ब्यूरो

## दैनिक जागरण–दि0 31.07.2025

### अब फौजी रोकेंगे वरुणा नदी में अवैध निर्माण

वाराणसी : वाराणसी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने वरुणा नदी के किनारे अवैध निर्माण रोकने के लिए सेवानिवृत्त फौजियों को लगाया है। इनकी तैनाती पांचों जोन में की गई है। उन्होंने बताया कि राम विलास को पड़ाव पार्क से हटाकर जोन कार्यालय से संबद्ध किया गया है। उमाशंकर यादव व जयशंकर सिंह यादव को सिकरौल वार्ड में, शैलेश सिंह को शिवपुर वार्ड, रमेश कुमार सिंह को जोन से हटाकर कार्यालय संबद्ध किया गया है। विजय बहादुर सिंह को सारनाथ वार्ड, अनिल कुमार मिश्रा को आदमपुर वार्ड, संतोष यादव को जैतपुरा वार्ड, धर्मेंद्र नाथ त्रिपाठी को जोन चार से हटाकर कार्यालय संबद्ध किया गया है। (जासं)

## दैनिक जागरण–दि0 31.07.2025

### छह बीघा में चल रही अवैध प्लाटिंग वीडीए ने कराया ध्वस्त

लोहता : कोटवा हैबतपुर गांव में बुधवार को वीडीए की टीम ने अवैध रूप से छह बीघा जमीन में की जा रही प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया। दोबारा बिना नक्शा प्लाटिंग करने पर कानूनी कार्यवाही की चेतावनी भी दी। वीडीए के जोनल हेड सौरभ देव प्रजाति ने बताया की शैलेश उपाध्याय कोटवा हैबतपुर में छह बीघा जमीन में अवैध प्लाटिंग कर रहे थे। बिना नक्शा पास कराए प्लाटिंग करने पर बताओ नोटिस जारी किया गया है। नोटिस का जवाब देना तो दूर काम तक नहीं रोका गया। (जासं)

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 31.07.2025

### अवैध प्लाटिंग को वीडीए ने कराया ध्वस्त



**काशी विद्यापीठ/वाराणसी।** क्षेत्र के कोटवा हैबतपुर गांव में बुधवार को वीडीए की टीम पहुंच कर अवैध रूप से 6 बीघे जमीन में की जा रही प्लाटिंग को ध्वस्त करा दिया तथा चेतवानी दिया कि दोबारा बिना वीडीए से नक्शा पास कराए प्लाटिंग शुरू किए तो कानूनी कार्यवाही की जाएगी। वीडीए के जोनल हेड सौरभ देव प्रजाति ने बताया कि शैलेश उपाध्याय कोटवा हैबतपुर में 6 बीघे जमीन में अवैध रूप से प्लाटिंग कर रहे थे। वीडीए द्वारा उनको विना नक्शा पास कराए प्लाटिंग करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। उसके बाद न तो नोटिस का जवाब उनके द्वारा दिया गया न ही काम रोका गया। बुधवार को वीडीए की टीम और पुलिस के सहयोग से अवैध प्लाटिंग में हुए निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया।

## न्यायाधीश–दि0 31.07.2025

### वरुणा नदी किनारे तथा 1 - 5 जोन में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए सुरक्षा कार्मिकों की नवीन तैनाती

वाराणसी।वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री पुलकित गर्ग द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुपालन में, प्राधिकरण द्वारा स्थापित जोन कार्यालयों की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाए जाने के उद्देश्य से, जोन-01 से जोन-05 तक पूर्व सैनिक कल्याण निगम के माध्यम से नियुक्त सुरक्षा कार्मिकों की कार्यस्थलों पर नवीन तैनाती की गई है।यह तैनाती विशेष रूप से वरुणा नदी के दोनों किनारों से जुड़े सात उप-जोन क्षेत्रों में अवैध निर्माणों की रोकथाम, सतत निगरानी तथा सार्वजनिक परिसंपत्तियों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है। सुरक्षा कार्मिकों की नवीन तैनाती का विवरण इस प्रकार है: राम विलास को पड़ाव पार्क से हटाकर जोन कार्यालय से सम्बद्ध किया गया है। उमाशंकर यादव की तैनाती जोन-03 से स्थानांतरित कर वार्ड-सिकरौल, उपजोन-1(क) में की गई है। जयशंकर सिंह यादव को जोन-02 से स्थानांतरित कर वार्ड-सिकरौल, उपजोन-1(बी) में तैनात किया गया है त शैलेश सिंह को जोन-02 से स्थानांतरित कर वार्ड-शिवपुर, उपजोन-1(डी) में तैनात किया गया है।रमेश कुमार सिंह को जोन-01 से हटाकर जोन कार्यालय से सम्बद्ध किया गया है। विजय बहादुर सिंह को जोन-01 से स्थानांतरित कर वार्ड-सारनाथ, उपजोन-2(डी) में तैनात किया गया है। अनिल कुमार मिश्रा को जोन-01 से स्थानांतरित कर वार्ड-आदमपुर, उपजोन-2(ए) में तैनात किया गया है।संतोष यादव की तैनाती जोन-01 से हटाकर वार्ड-जैतपुरा, उपजोन-2(ए) में की गई है।धर्मेंद्र नाथ त्रिपाठी को जोन-04 से हटाकर जोन कार्यालय से सम्बद्ध किया गया है। राम प्रसाद यादव को जोन-02 से स्थानांतरित कर वार्ड-दशाश्वमेध, उपजोन-3(सी) में तैनात किया गया है। सेचन यादव को जोन-02 से हटाकर जोन-4 कार्यालय से सम्बद्ध किया गया है। विनोद सिंह यादव को जोन-05 से स्थानांतरित कर जोन-4 कार्यालय से सम्बद्ध किया गया है।सुरेन्द्र बहादुर यादव को जोन-03 से स्थानांतरित कर जोन-5 कार्यालय से सम्बद्ध किया गया है।अनिल कुमार मिश्रा की तैनाती पड़ाव पार्क में सुरक्षा व्यवस्था हेतु की गई है।अतिरिक्त निर्देश: तैनात कार्मिक अपने क्षेत्रों में नियमित गश्त सुनिश्चित करेंगे ।अवैध निर्माण, अतिक्रमण या क्षति की स्थिति में तत्काल रिपोर्ट संबंधित जोनल अधिकारियों को प्रस्तुत की जाएगी।समस्त कार्मिक अपने कार्यस्थल पर निर्धारित समय पर उपस्थित रहेंगे तथा अनुशासनात्मक नियमों का पालन करेंगे।उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है।